Dainik Jaghran-New Delhi-04-05-2011

डीटीयू के छात्र सिंगापुर में करेंगे पढ़ाई

नई दिल्ली, जासं : दिल्ली टेक्नालोजिक्ल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) ने उच्चशिक्षा व तकनीकी आदान-प्रदान के लिए लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के साथ करार किया है। अब कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक करने वाले दो विद्यार्थी एनयूएस से एमटेक कर सकेंगे। डीटीयू के प्राध्यापक वहां के छात्रों को प्रशिक्षण देने जाएंगे और वहां के प्राध्यापक यहां के छात्रों को प्रशिक्षण देने आएंगे। डीटीयू प्रवक्ता रश्मि सेबलेनिया ने बताया कि समझौता पत्र पर डीटीयू स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग विभागाध्यक्ष डॉ. दया गुप्ता और एनयूएस से डीन ऑफ कंप्यूटिंग स्कूल प्रो. ओई बेंग चिन ने हस्ताक्षर किए। विवि के छात्र गर्मियों की छुट्टियों में एक-दूसरे के यहां तकनीक कौशल की शिक्षा भी प्राप्त करेंगे। प्राध्यापिका डॉ. रुचिका मल्होत्रा के अनुसार कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में अंतरराष्ट्रीय मांग के अनुरूप छात्रों की दक्षता बढ़ेगी। वह एशिया के बाजारों की मांग को समझेंगे। स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सों में कानून, बिजनेस स्टडी, वातावरण व डिजाइनिंग की नई तकनीक से रूबरू हो सकेंगे।